# एनएचपीसी समाचार

अंक संख्या : XLVII
संस्करण : जुलाई - सितंबर 2022





# एनएचपीसी के की विभिन्न कार्यालयों \ पावर स्टेशनों एवं परियोजनाओं पर स्वतंत्रता दिवस का आयोजन।



क्षेत्रीय कार्यालय तीस्ता



टीएल डी पी-III पावर स्टेशन



तीस्ता-VI परियोजना



धौलीगंगा पावर स्टेशन



चमेरा II,III पावर स्टेशन



बैरा स्यूल पावर स्टेशन



सलाल पावर स्टेशन

# निगम मुख्यालय

## गृह मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा एनएचपीसी को राजभाषा कीर्ति पुरस्कार



श्री वाई.के.चौबे, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री निशिथ प्रामाणिक से दिनांक 14 सितंबर, 2022 को सूरत, गुजरात में आयोजित हिंदी दिवस समारोह में वर्ष 2021–22 के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार योजना के अंतर्गत क' क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

एनएचपीसी को गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2021–22 के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार योजना के अंतर्गत 'क' क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री निशिथ प्रामाणिक के कर कमलों से श्री वाई.के.चौबे, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने दिनांक 14 सितंबर, 2022 को दीन दयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम, सूरत, गुजरात में आयोजित हिंदी दिवस समारोह में ग्रहण किया।

राजभाषा कीर्ति पुरस्कार राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की श्रेणी में राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए एनएचपीसी को यह पुरस्कार 10वीं बार प्रदान किया गया है। एनएचपीसी ने जलविद्युत उत्पादन और विकास के साथ–साथ राजभाषा हिंदी के क्षेत्र में भी उत्तरोत्तर प्रगति की है। राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में एनएचपीसी की उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अनेक राजभाषा पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## एनएचपीसी द्वारा 46वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन



श्री ए.के.सिंह, तत्कालीन सीएमडी, एनएचपीसी के साथ श्री वाई.के. चौबे, निदेशक (तकनीकी), श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) ,स्वतंत्र निदेशकगण डॉ. उदय सखाराम निर्गुडकर, प्रो. (डॉ.) अमित कंसल, डॉ. रश्मि शर्मा रावल , श्री जिजी जोसफ और एनएचपीसी की कंपनी सचिव श्रीमती रुपा देब दिनांक 25 अगस्त 2022 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित एनएचपीसी की 46वीं वार्षिक आम बैठक में।

एनएचपीसी लिमिटेड ने दिनांक 25 अगस्त 2022 को निगम मुख्यालय, फरीदाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी 46वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित की। कंपनी के सदस्यों ने वर्ष 2021–22 के लिए 1.81/– रुपए प्रति इक्विटी शेयर के लाभांश को मंजूरी दी, जिसमें मार्च, 2022 में भुगतान किए गए 1.31/– रुपए प्रति इक्विटी शेयर का अंतरिम लाभांश भी शामिल है।

श्री ए.के. सिंह, तत्कालीन सीएमडी, एनएचपीसी ने वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को संबोधित किया। इस वार्षिक आम बैठक में श्री वाई.के. चौबे, निदेशक (तकनीकी), श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) और स्वतंत्र निदेशकगण डॉ. उदय सखाराम निर्गुडकर, प्रो. (डॉ.) अमित कंसल, डॉ. रश्मि शर्मा रावल , श्री जिजी जोसफ के साथ श्रीमती रुपा देब, कंपनी सचिव, एनएचपीसी भी उपस्थित रही।

## असम के मुख्यमंत्री राहत कोष में दो करोड़ रूपए प्रदान

असम में आई भीषण बाढ़ में राहत की पहल करते हुए एनएचपीसी ने असम के मुख्यमंत्री राहत कोष में दो करोड़ रूपए का योगदान दिया गया। दिनांक 7 जुलाई 2022 को श्री ए. के. सिंह, तत्कालीन सीएमडी एनएचपीसी ने गुवाहाटी में असम के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा से मुलाकात की और उन्हें राहत संबंधित चेक सौंपा। इस अवसर पर श्री प्रदान बरुआ, माननीय सांसद (लोक सभा), लखीमपुर लोकसभा क्षेत्र तथा श्री मानब डेका, माननीय विधायक, लखीमपुर विधान सभा क्षेत्र भी उपस्थित थे।



श्री ए.के.सिंह, तत्कालीन सीएमडी एनएचपीसी द्वारा असम के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा को 2 करोड़ रूपए का चेक सौंपते हुए।

## एनएचपीसी द्वारा दामोदर वैली कॉरपोरेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



श्री ए.के.सिंह, तत्कालीन अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी और श्री राम नरेश सिंह, अध्यक्ष, डीवीसी, एनएचपीसी और डीवीसी के बीच "जलविद्युत और पंप भंडारण परियोजनाओं की खोज और स्थापना के लिए संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) के गठन का पता लगाने" हेतु हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन दस्तावेजों के साथ।

श्री ए.के.सिंह, तत्कालीन अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी और श्री राम नरेश सिंह, अध्यक्ष, डीवीसी, एनएचपीसी और डीवीसी के बीच "जलविद्युत और पंप भंडारण परियोजनाओं की खोज और स्थापना के लिए संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) के गठन का पता लगाने" हेतु हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन दस्तावेजों के साथ। श्री वाई.के. चौबे, निदेशक (तकनीकी), श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त) और श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं), एनएचपीसी और श्री अरूप सरकार, सदस्य (वित्त), डीवीसी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में दिनांक 20 जुलाई 2022 को एनएचपीसी लिमिटेड और दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) के बीच हाइड्रोपावर और पंप स्टोरेज परियोजनाओं की खोज और स्थापना के लिए संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) के गठन का पता लगाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। श्री ए.के. सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी लिमिटेड और श्री राम नरेश सिंह, अध्यक्ष, डीवीसी की गरिमामयी उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

श्री वाई.के. चौबे, निदेशक (तकनीकी), एनएचपीसी, श्री आर.पी.गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी और श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) एनएचपीसी और श्री अरूप सरकार, सदस्य (वित्त), डीवीसी तथा दोनों संगठनों के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी इस अवसर पर उपस्थित थे। यह समझौता ज्ञापन ऊर्जा परिवर्तन के राष्ट्रीय उद्देश्य के अनुरूप अर्थात 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा और 2070 तक 'नेट जीरो' करने के क्रम में दो विद्युत क्षेत्र के संगठनों के बीच आपसी सहयोग से ऊर्जा भंडारण समाधान के रूप में जलविद्युत परियोजनाओं और पंप भंडारण परियोजनाओं का संयुक्त रूप से दोहन करने की एक नई शुरुआत का परिचायक है।

## एनएचपीसी द्वारा पूर्व चेतावनी प्रणाली (अर्ली वार्निंग सिस्टम-ईडब्ल्यूएस) के लिए एक इंटरनेट क्लाउड आधारित सॉफ्टवेयर की शुरूआत की

श्री ए.के. सिंह, तत्कालीन अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने दिनांक 8 अगस्त 2022 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में पूर्व चेतावनी प्रणाली (अर्ली वार्निंग सिस्टम–ईडब्ल्यूएस) के लिए एक इंटरनेट क्लाउड आधारित सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन की शुरूआत की। श्री वाई.के. चौबे, निदेशक (तकनीकी), श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त) तथा एनएचपीसी के क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशन, परियोजनाओं और इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया। सॉफ्टवेयर वास्तविक समय के आधार पर पहचान की गई संवेदनशील परियोजनाओं के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम में परियोजना / पावर स्टेशन के साथ निकट समन्वय के साथ–साथ नदियों के जल स्तरध्बहाव की कड़ी निगरानी में सक्षम होगा। यह संबंधित परियोजना प्राधिकरणों / हितधारकों और स्थानीय प्रशासन को सावधान / चेतावनी जारी करेगा ताकि स्थानीय प्रशासन और लोगों को बाढ़ से पहले खाली करने या आश्रय के लिए सक्रिय किया जा सके तथा बाढ़ के दौरान लोगों को प्रतिक्रिया करने के लिए समय दिया जा सके।



श्री ए.के. सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी 8 अगस्त 2022 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में पूर्व चेतावनी प्रणाली (अर्ली वार्निंग सिस्टम–ईडब्ल्यूएस) के लिए इंटरनेट क्लाउड आधारित सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन की शुरुआत करते हुए। श्री वाई.के. चौबे, निदेशक (तकनीकी) और श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त) भी एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## एनएचपीसी एवं इन्वेस्टमेंट बोर्ड नेपाल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



एनएचपीसी और आईबीएन के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन दस्तावेजों के साथ श्री ए.के. सिंह, तत्कालीन सीएमडी, एनएचपीसी और श्री सुशील भट्ट, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, इन्वेस्टमेंट बोर्ड नेपाल (आईबीएन)।

एनएचपीसी लिमिटेड ने नेपाल में 750 मेगावाट वेस्ट सेती और 450 मेगावाट एसआर–6 जलविद्युत परियोजनाओं को विकसित करने के लिए इन्वेस्टमेंट बोर्ड नेपाल (आईबीएन) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर और आदान–प्रदान श्री ए.के. सिंह, तत्कालीन सीएमडी, एनएचपीसी और श्री सुशील भट्ट, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आईबीएन द्वारा दिनांक 18 अगस्त 2022 को काठमांडू, नेपाल में श्री शेर बहादुर देउबा, नेपाल के माननीय प्रधान मंत्री की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर नेपाल सरकार से कैबिनेट मंत्री और नेपाल में भारतीय दूतावास के अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए, नेपाल के माननीय प्रधान मंत्री, श्री शेर बहादुर देउबा ने जलविद्युत क्षमता के दोहन सहित नेपाल के विकास में भारत के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह समझौता नेपाल–भारत ऊर्जा सहयोग को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में काम करेगा।

## एनएचपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड ने राजस्थान सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

एनएचपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एनएचपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) ने ''राजस्थान राज्य में 10,000 मेगावाट अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क के विकास'' के लिए दिनांक 24 अगस्त 2022 को राजस्थान सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की गरिमामयी उपस्थिति में, श्री भास्कर ए. सावंत, प्रमुख शासन सचिव, उर्जा विभाग, राजस्थान सरकार और श्री बिश्वजीत बासु, अध्यक्ष, एनएचपीसी आरईएल, द्वारा नई दिल्ली में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।



श्री बिश्वजीत बासु, अध्यक्ष, एनएचपीसी आरईएल और श्री भास्कर ए. सावंत, प्रमुख शासन सचिव, उर्जा विभाग, राजस्थान सरकार 'राजस्थान राज्य में 10,000 मेगावाट अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क के विकास'' के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान।

## एनएचपीसी ने नेपाल परियोजनाओं हेतु पीटीसी इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए



श्री ए.के. सिंह, तत्कालीन सीएमडी, एनएचपीसी और डॉ राजीब कुमार मिश्रा, सीएमडी, पीटीसी इंडिया लिमिटेड, एनएचपीसी निगम मुख्यालय में पश्चिम सेती व सेती नदी-6 परियोजनाओं हेतु बिजली बिक्री व्यवस्था के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान।

नेपाल में आगामी पश्चिम सेती और सेती नदी–6 परियोजनाओं से उत्पन्न होने वाले विद्युत की बिक्री के लिए एनएचपीसी लिमिटेड और पीटीसी इंडिया लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

श्री अभय कुमार सिंह, तत्कालीन अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी लिमिटेड तथा डॉ राजीब कुमार मिश्रा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पीटीसी इंडिया लिमिटेड ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एनएचपीसी की ओर से श्री आर. पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री बिस्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं), श्री वी. आर. श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक (एसबीडी एंड सी)तथा पीटीसी इंडिया लिमिटेड की ओर से श्री हरीश सरन, कार्यपालक निदेशक (वाणिज्यिक व संचालन), श्री पंकज गोयल, सीएफओ व श्री बिक्रम सिंह ईवीपी–मार्केटिंग भी उपस्थित रहे।

## एनएचपीसी और आईआईटी जम्मू के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर




श्री यमुना कुमार चौबे, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी, श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी, प्रो. मनोज सिंह गौड़, निदेशक, आईआईटी जम्मू और श्री एस.एल. कपिल, कार्यपालक निदेशक (अनुसंधान व विकास), एनएचपीसी विज्ञान, प्रौद्योगिकी और तकनीकी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को शुरू करने के लिए आईआईटी जम्मू की सेवाओं का लाभ उठाने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान।

विज्ञान, प्रौद्योगिकी और तकनीकी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु आईआईटी जम्मू एवं एनएचपीसी लिमिटेड के मध्य एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर दिनांक 26 सितम्बर 2022 को हस्ताक्षर किए गए। यह हस्ताक्षर श्री यमुना कुमार चौबे, सीएमडी, एनएचपीसी, श्री आर पी गोयल, निदेशक (वित्त) की गरिमामयी उपस्थिति में की गयी।

एनएचपीसी लिमिटेड के पास पहले से ही एक स्थापित अनुसंधान व विकास विभाग है जो हाइड्रो पावर परियोजनाओं/ पावर स्टेशनों के निर्माण, संचालन और रखरखाव के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक नवीन पहल करता है। समझौता ज्ञापन नए उत्साह के साथ अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को और गति प्रदान करेगा।

## एनएचपीसी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन


एनएचपीसी ने रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद (मिडटाउन) के सहयोग से निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में 27 सितम्बर 2022 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 17 सितंबर से 1 अक्टूबर 2022 तक आयोजित किए जा रहे रक्तदान शिविरों के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत किया गया। शिविर का उद्देश्य एक कुशल और प्रभावी राष्ट्रीय रक्त प्रणाली सुनिश्चित करना है ताकि रक्त को सुरक्षित और समय पर पंहुचाया जा सके। रक्तदान शिविर के दौरान कुल 41 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।




आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 27 सितम्बर 2022 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते एनएचपीसी के कार्मिकगण।

# हिन्दी पखवाड़ा

## तीस्ता-V पावर स्टेशन




श्री सी.आर. दास, ग्रुप महाप्रबंधक, पावर स्टेशन प्रमुख हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन करते हुए।

दिनांक 14 सितंबर, 2022 को श्री सी.आर. दास, ग्रुप महाप्रबंधक, परियोजना प्रमुख के कर कमलों से तीस्ता–V पावर स्टेशन में 14 सितंबर, 2022 को हिंदी पखवाड़े की शुरूआत की गई । हिंदी पखवाड़े का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्जवल्लित कर किया गया। हिंदी दिवस के अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री सी.आर. दास ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग करना तथा इसके प्रचार–प्रसार में अपना योगदान देना हमारा नैतिक एवं संवैधानिक कर्तव्य है।

उन्होने सभी अधिकारियों से अपील की कि सभी हिंदी में काम करने के दायित्व को समझें और पावर स्टेशन में हिंदी की उतरोत्तर वृद्धि में अपना योगदान दें।

## धौलीगंगा पावर स्टेशन

धौलीगंगा पावर स्टेशन में दिनांक 14 सितंबर 2022 को हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा उद्घाटन समारोह का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। इस अवसर पर धौलीगंगा पावर स्टेशन के पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजीव जैन, समूह महाप्रबंधक ने दीप प्रज्वलित कर हिंदी दिवस समारोह एवं हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन किया।

पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजीव जैन ने सभी कार्मिकों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं एवं कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि "भाषा" मानव, समाज और देश के संगठन की शक्ति है। किसी भी देश की सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक प्रगति में उस देश की भाषा का अहम योगदान होता है।




श्री राजीव जैन, समूह महाप्रबंधक, द्वारा हिन्दी पखवाड़ा का उद्घाटन

## चमेरा-I पावर स्टेशन




श्री प्रवेश कुमार जैन ,समूह महाप्रबंधक (प्रभारी), हिन्दी पखवाड़ा के दौरान कार्मिकों को संबोधित करते हुए।

पावर स्टेशन में दिनांक 14 सितंबर 2022 को हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा–2022 का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर आयोजित समारोह का शुभारंभ श्री प्रवेश कुमार जैन ,समूह महाप्रबंधक (प्रभारी) द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कार्मिकों से अपील की कि वे अपना समस्त कार्यालयीन कार्य राजभाषा हिन्दी में ही निष्पादित करें तथा राजभाषा की प्रगति हेतु किए जा रहे प्रयासों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इस अवसर पर श्री दीपक रत्न सागर, महाप्रबंधक सिविल), श्री संजय राय, महाप्रबंधक (यांत्रिक) तथा पावर स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कार्मिकगण उपस्थित थे।

इस क्रम में राजभाषा की प्रगति एवं प्रचार–प्रसार तथा कार्मिकों में राजभाषा के प्रति अभिरुचि बढ़ाने हेतु चमेरा पावर स्टेशनदृ के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए दिनांक 08 सितंबर 2022 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस कार्यशाला में श्री देश राज, प्रबंधक (राजभाषा) ने बतौर संकाय अपनी सेवाएँ दी एवं राजभाषा संबंधी अधिनियमों की जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान तिमाही प्रगति रिपोर्ट तथा वार्षिक कार्यक्रम 2022–23 पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई।




हिन्दी कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागीगण

# एनएचपीसी - सीएसआर

## एनएचपीसी द्वारा शिक्षण विकास सेवा ट्रस्ट के साथ समझौता ज्ञापन



ईडी (सीएसआर एंड एसडी), एनएचपीसी और अध्यक्ष, शिक्षण विकास सेवा ट्रस्ट ने एनएचपीसी कॉरपोरेट ऑफिस, फरीदाबाद में एससी छात्रों के लिए सरखेज, अहमदाबाद, गुजरात में 'शिक्षण संकुल छात्रावास भवन की फर्निशिंग' के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान।

एनएचपीसी की सीएसआर पहल के तहत सरखेज, अहमदाबाद, गुजरात में अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए 'शिक्षण संकुल छात्रावास भवन की फर्निशिंग' की दिशा में दिनांक 9 सितम्बर 2022 को एनएचपीसी और शिक्षण विकास सेवा ट्रस्ट के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एनएचपीसी ने इसके लिए सीएसआर के तहत इस परियोजना के लिए 50 लाख रूपए की राशि मंजूर की है।

एमओयू पर ग्रुप डिप्टी जनरल मैनेजर (सीएसआर एंड एसडी), एनएचपीसी और अध्यक्ष, शिक्षण विकास सेवा ट्रस्ट ने एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में कार्यपालक निदेशक (सीएसआर एंड एसडी), एनएचपीसी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

इस गतिविधि के तहत, ट्रस्ट अहमदाबाद में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों को आवासीय सुविधाएं प्रदान करेगा।

## एनएचपीसी द्वारा नूंह में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

एनएचपीसी की सीएसआर पहल के तहत नूंह एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट, हरियाणा के गाँव–कंगारका, ब्लाक–तावडू में ग्रामीणों के स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से बिस्नौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान द्वारा दिनांक 13 सितंबर 2022 को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। एनएचपीसी सीएसआर पहल के तहत इस प्रकार के छह स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने निर्धारित हैं, जिसमें से यह पांचवां शिविर था।

इस शिविर में रक्ताल्पता, मधुमेह और उच्च रक्तचाप पर ध्यान केंद्रित करते हुए डॉक्टरों और तकनीशियनों की एक टीम ने 103 लोगों की ब्लड, बीपी, हृदय, ऑक्सीजन सेचुरेशन लेवल, आंखों आदि की जांच कर स्वास्थ्य व इम्युनिटी बूस्टर किट प्रदान किया। इस दौरान लोगों को कोविड–उपयुक्त व्यवहार और स्वच्छ प्रथाओं का पालन करने की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया गया। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए कम लागत वाले पोषण और संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी गई तथा दवाएं, पोषाहार पूरक इत्यादि का वितरण भी किया गया।




नूंह एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन।

## एनएचपीसी द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




एनएचपीसी लिमिटेड की सीएसआर पहल के तहत नूंह एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट, हरियाणा में ग्रामीणों के स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से बिस्नौली सर्वोदय गामोद्योग सेवा संस्थान द्वारा दिनांक 15 जुलाई 2022 को आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर।

एनएचपीसी लिमिटेड की सीएसआर पहल के तहत नूंह एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट, हरियाणा के नूंह ब्लॉक के बजेड़ा गांव में ग्रामीणों के स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से बिस्नौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान द्वारा दिनांक 15 जुलाई 2022 को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। एनएचपीसी सीएसआर पहल के तहत इस प्रकार के छह स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने निर्धारित हैं, जिसमें यह पहला शिविर था।

इस शिविर में रक्ताल्पता, मधुमेह और उच्च रक्तचाप पर ध्यान केंद्रित करते हुए डॉक्टरों और तकनीशियनों की एक टीम ने 196 लोगों की ब्लड, बीपी, हृदय, ऑक्सीजन सेचुरेशन लेवल, आंखों आदि की जांच कर स्वास्थ्य व इम्युनिटी बूस्टर किट दिया।

इस दौरान लोगों को कोविड–उपयुक्त व्यवहार और स्वच्छ प्रथाओं का पालन करने की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया गया। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए कम लागत वाले पोषण और संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी गई तथा दवाएं, पोषाहार पूरक इत्यादि का वितरण भी किया गया।

## एनएचपीसी द्वारा जिला प्रशासन, फरीदाबाद को 'हर घर तिरंगा' अभियान हेतु 5000 तिरंगे झंडे प्रदान



29 जुलाई 2022 को फरीदाबाद में श्री जितेंद्र यादव, आईएएस, उपायुक्त, फरीदाबाद को 'हर घर तिरंगा' अभियान के उत्सव हेतु राष्ट्रीय ध्वज प्रस्तुत करते एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण।

एनएचपीसी, भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी ने 13 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के तहत मनाए जाने वाले 'हर घर तिरंगा' अभियान के उत्सव के लिए सीएसआर नीति के तहत जिला प्रशासन, फरीदाबाद को 5000 तिरंगे झंडे प्रदान किए है। 29 जुलाई 2022 को फरीदाबाद में वरिष्ठ एनएचपीसी अधिकारियों द्वारा श्री जितेंद्र यादव, आईएएस, उपायुक्त, फरीदाबाद को झंडे भेंट किए गए।

# क्षेत्रीय कार्यालय जम्मू

## सलाल पावर स्टेशन

### अमृत महोत्सव के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन

दिनांक 24 सितंबर 2022 को सलाल पावर स्टेशन द्वारा अमृत महोत्सव के अंतर्गत पावर स्टेशन के ''जोरावर अस्पताल'' में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभ आरंभ सलाल पावर स्टेशन प्रमुख श्री जे सी सरकार व उनकी धर्मपत्नी श्रीमति सुमित्रा देवी ने रिबन काटकर किया। इस शिविर में कुल 62 लोगों ने रक्तदान देकर इस महादान के कार्य को सफल बनाया।

रक्तदाताओ के रूप में सीआईएसएफ, सीआरपीएफ के जवान, केन्द्रीय विद्यालय ज्योतिपुरम, स्थानीय जन, मीडिया कार्मिक और एनएचपीसी के कार्मिकों और विशेषत: कार्मिकों के परिवारगणों ने आगे बढ़कर इसमें भाग लिया।




सलाल पावर स्टेशन प्रमुख श्री जे सी सरकार रक्तदान शिविर का निरीक्षण करते हुए।

# क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़

### नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, पंजाब के साथ बैठक



पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी मंत्री के समक्ष एनएचपीसी के कार्यों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति देते एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण।

श्री. अमन अरोड़ा, माननीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, पंजाब ने प्रो. (डॉ.) अमित कंसल, स्वतंत्र निदेशक, एनएचपीसी लिमिटेड, श्री सुरजीत कुमार संधु, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ और श्री. ए.के. पाठक, सीईओ एनआरईएल, एनएचपीसी लिमिटेड के साथ डॉ. सुमीत जरंगल, आईएएस, मुख्य कार्यपालक, (PEDA), तथा श्री एम.पी. सिंह, निदेशक PEDA की उपस्थिति में ''एनएचपीसी द्वारा पंजाब में सौर / नवीकरणीय ऊर्जा / जल परियोजनाओं के विकास की संभावनाओं की खोज'' विषय पर दिनांक 06 सितम्बर 2022 को पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी (PEDA), चंडीगढ़ में बैठक की एवं विस्तार पूर्वक चर्चा की।

इस दौरान श्री ए.के. पाठक, सीईओ एनआरईएल, एनएचपीसी लिमिटेड एवं श्री. एसपी राठौर, महाप्रबंधक (विद्युत) द्वारा एनएचपीसी लिमिटेड पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी गयी। तत्पश्चात पंजाब में सौर / नवीकरणीय / हाइड्रो पावर के विकास पर विस्तार पूर्वक विभिन्न संभावनाओं पर विचार–विमर्श किया गया। एनएचपीसी लिमिटेड एवं आर्गेनाईजेशन फॉर सोशल एंड कल्चरल अवेयरनेस (SCA) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

## एनएचपीसी द्वारा पुस्तकालय- सह-अध्ययन केंद्र स्थापित करने के लिए ट्रस्ट क्रैडल के साथ समझौता ज्ञापन

एनएचपीसी लिमिटेड की सीएसआर पहल के अंतर्गत कैलाना गांव, जिला सोनीपत, हरियाणा में एक पुस्तकालय-सह अध्ययन केंद्र की स्थापना के लिए एनएचपीसी लिमिटेड और ट्रस्ट क्रैडल (एक सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एनएचपीसी निगम मुख्यालय में दिनांक 1 अगस्त 2022 को कार्यपालक निदेशक (सीएसआर व एसडी), एनएचपीसी तथा संस्थापक व अध्यक्ष, ट्रस्ट क्रैडल द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस पहल के अंतर्गत एनएचपीसी ने सीएसआर के अंतर्गत इस परियोजना के लिए रुपये 22.0 लाख की राशि मंजूर की है।

इस गतिविधि के तहत, ट्रस्ट क्रैडल छात्रों के लिए एक "पुस्तकालय–सह–अध्ययन केंद्र" स्थापित किया जाएगा जोकि छात्रों को पढ़ने के लिए एक स्थान प्रदान करेगा एवं बच्चों में पढ़ने की आदत को विकसित करने में मदद करेगा। यह अध्ययन केंद्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने, प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा व्याख्यान और विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता सत्र प्रदान करने में मदद करेगा।



कार्यपालक निदेशक (सीएसआर एंड एसडी), एनएचपीसी और संस्थापक व अध्यक्ष, ट्रस्ट क्रैडल एनएचपीसी की सीएसआर पहल के अंतर्गत ग्राम–कैलाना, जिला–सोनीपत, हरियाणा में एक पुस्तकालय–सह अध्ययन केंद्र की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान।

## एनएचपीसी एवं पुनर्जागरण समिति (एनजीओ) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



एनएचपीसी लिमिटेड और पुनर्जागरण समिति (एनजीओ), दिल्ली के बीच एनएचपीसी निगम मुख्यालय फरीदाबाद में 17.08. 2022 को फरीदाबाद में सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए शिक्षा और सिलाई प्रशिक्षण केंद्र चलाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

एनएचपीसी लिमिटेड और पुनर्जागरण समिति (एनजीओ), दिल्ली के बीच एनएचपीसी की सीएसआर पहल के तहत एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में दिनांक 17 अगस्त, 2022 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यपालक निदेशक (सीएसआर एंड एसडी), एनएचपीसी की उपस्थिति में ग्रुप डीजीएम (एचआर) सीएसआर एंड एसडी, एनएचपीसी और पुनर्जागरण समिति के सचिव द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के तहत टीटू कॉलोनी, सेक्टर–28, फरीदाबाद में सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए एक शिक्षा और एक सिलाई प्रशिक्षण केंद्र एक साल तक चलाया जाएगा।

## एनएचपीसी द्वारा बौद्धिक और विकास दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को खेल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 'स्पेशल ओलंपिक भारत' एनजीओ के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

एनएचपीसी, निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में दिनांक 19 जुलाई 2022 को एनएचपीसी की सीएसआर पहल के तहत बौद्धिक और विकास दिव्यांगता (पीडबल्यूआईडीडी) वाले व्यक्तियों को खेल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एनएचपीसी और 'स्पेशल ओलंपिक भारत' (एनजीओ) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन पर कार्यपालक निदेशक (सीएसआर व एसडी), एनएचपीसी तथा कार्यपालक निदेशक, स्पेशल ओलंपिक भारत, एनजीओ द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

एमओयू के अनुसार दिव्यांगजनों को विशेष ओलंपिक में समर्पित एवं प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के माध्यम से 3 वर्षों तक नियमित खेल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। एनएचपीसी ने इस परियोजना के लिए 3 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। इस परियोजना के तहत, स्पेशल ओलंपिक भारत, एनजीओ 20 विशेष ओलंपिक केंद्र स्थापित करेगा, जिसमें अगले 3 वर्षों के लिए विशेष ओलंपिक गतिविधियों में बौद्धिक और विकास दिव्यांगता वाले बच्चों और वयस्कों को प्रशिक्षित करने के लिए योग्य खेल पेशेवर और शिक्षक होंगे। ये प्रशिक्षण केंद्र त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश–ईटानगर, असम–कामरूप, जोरहाट, गोलपारा, हिमाचल प्रदेश–बिलासपुर, कुल्लू, मंडी, सिरमौर, सोलन, ऊना, चंबा, कांगड़ा, उत्तराखंड–नैनीताल, सिक्किम, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू व कश्मीर और लद्दाख में पूरे वर्ष प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।



एनएचपीसी, निगम मुख्यालय, फरीदाबाद के एनएचपीसी की सीएसआर पहलों के तहत बौद्धिक और विकास दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को खेल प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु एनएचपीसी तथा 'स्पेशल ओलंपिक भारत' एनजीओ के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के दौरान कार्यपालक निदेशक (सीएसआर व एसडी),एनएचपीसी एवं कार्यपालक निदेशक ,स्पेशल ओलंपिक भारत, एनजीओ और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण।

## एनएचपीसी लिमिटेड एवं सर्वहितकारी एजुकेशनल सोसाइटी चंडीगढ़-पंजाब के बीच समझौता ज्ञापन

एनएचपीसी लिमिटेड के निगमीय सामाजिक उत्तरदायित्व कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी के अंतर्गत एक और कदम बढ़ाते हुए एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा पंजाब के ग्रामीण एवं सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए मोबाइल लाइब्रेरी प्रदान करने हेतु, एनएचपीसी लिमिटेड एवंसर्वहितकारी एजुकेशनल सोसाइटी (रजि.) चंडीगढ़–पंजाब के बीच क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में दिनांक 02 सितम्बर, 2022 को एनएचपीसी लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक श्री डॉ. अमित कंसल एवं क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के कार्यपालक निदेशक श्री सुरजीत कुमार संधु की गरिमामयी उपस्थिति में समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए।



एनएचपीसी लिमिटेड एवं सर्वहितकारी एजुकेशनल सोसाइटी (रजि.) चंडीगढ़–पंजाब के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान।

## एनएचपीसी एवं आर्गेनाईजेशन फॉर सोशल एंड कल्चरल अवेयरनेस (OSCA) के बीच समझौता ज्ञापन



समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान एनएचपीसी अधिकारीगण।

एनएचपीसी द्वारा पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम क्षेत्र के लाखों ग्रामीण आबादी को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाए प्रदान करने के लिए एक मोबाइल हैल्थ क्लीनिक प्रदान करने हेतु एनएचपीसी लिमिटेड एवं आर्गेनाईजेशन फॉर सोशल एंड कल्चरल अवेयरनेस (OSCA) के बीच दिनांक 18 अगस्त 2022 को क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के आदरणीय कार्यपालक निदेशक श्री सुरजीत कुमार संधु की गरिमामयी उपस्थिति में समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते ज्ञापन के अंतर्गत एनएचपीसी द्वारा प्रदान की गई सहयोग राशि की सहायता से आर्गेनाईजेशन फॉर सोशल एंड कल्चरल अवेयरनेस (OSCA) द्वारा पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम ग्रामीण क्षेत्र के लिए रु.27.28/–लाख की लागत से एक मोबाइल हेल्थ क्लिनिक खरीद कर सेवायें प्रदान की जाएगी। एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा उक्त राशि रु. 27.28 लाख (CSR) सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यों के अंतर्गत OSCA को प्रदान की जानी है।

उक्त समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के आदरणीय कार्यपालक निदेशक, श्री सुरजीत कुमार संधु, महाप्रबंधक (तकनीकी), श्री नन्हे राम, महाप्रबंधक (विधि एवं मानव संसाधन), श्रीमती रूबी रैना, महाप्रबंधक (वित्त), श्री महेश्वर पात्रा एवं OSCA से आये प्रतिनिधि नेशनल प्रेसिडेंट–श्री राजपाल सिंह, फाउंडर मेम्बर–डॉ चंदरपाल पुनिया, एग्जीक्यूटिव मेम्बर–अशोक कुमार, डिस्ट्रिक्ट कोरडीनेटर (समन्वयक)–राहुल भानकर तथा क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## GRIID के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज एवं बैज वितरण

स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के समस्त कार्मिकों की सहयोग राशि से GRIID, Government Rehabilitation Institute for Intellectual Disabilities के विद्यार्थियों को 350 राष्ट्रिय ध्वज एवं 350 बैज वितृत किए गए।
'हर घर तिरंगा' अभियान के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के कार्यपालक निदेशक श्री सुरजीत कुमार संधु, महाप्रबंधक विधि श्रीमती रूबी रैना द्वारा दिनांक 02 अगस्त एवं 04 अगस्त 2022 को डॉ प्रीती अरुण, जॉइंट डायरेक्टर, GRIID, श्रीमती वाणी रतनम, प्रिंसिपल GRIID एवं क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के अन्य वरिष्ठ अधिकारीयों की उपस्थिति में GRIID के 350 विद्यार्थियों को राष्ट्रिय ध्वज, बैज एवं मिषठान वितृत किए गऐ। इस अवसर पर श्रीमती वाणी रतनम, प्रिंसिपल GRIID एवं अन्य कार्मिक भी उपस्थित थे।



'हर घर तिरंगा' अभियान के बारे में जागरूक करते एनएचपीसी अधिकारीगण।

## धौलीगंगा पावर स्टेशन

### नि:शुल्क कोविड बूस्टर डोज टीकाकरण शिविर का आयोजन



नि:शुल्क टीकाकरण शिविर में कोविड बूस्टर डोज लेते स्थानीय लोग।

एनएचपीसी के धौलीगंगा पावर स्टेशन द्वारा सामुदायिक चिकित्सा केंद्र, धारचूला के माध्यम से निगालपानी आवासीय परिसर में स्थित पावर स्टेशन चिकित्सालय में दिनांक 28 जुलाई 2022 को निशुल्क कोविड बूस्टर डोज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। धौलीगंगा पावर स्टेशन के प्रमुख श्री राजीव जैन, ग्रुप महाप्रबंधक महोदय द्वारा निशुल्क कोविड बूस्टर डोज वैक्सीनेशन कैंप का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान एनएचपीसी धौलीगंगा पावर स्टेशन के महाप्रबंधक (विद्युत) श्री आदित्य गौतम, महाप्रबंधक (विद्युत) श्री टिकेश्वर प्रसाद, उप महाप्रबंधक (सिविल) श्री शिव शंकर, श्री सुरेश चंद पहाडिया तथा पावर स्टेशन के डिप्टी सीएमओ डा. बी. भाष्कर भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्री राजीव जैन, ग्रुप महाप्रबंधक ने बताया कि कोविड–19 जैसी वैश्विक महामारी से एनएचपीसी, सीआईएसएफ, केंद्रीय विद्यालय के कार्मिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों के साथ–साथ एनएचपीसी के संविदा कर्मियों, एवं ग्राम वासियों, स्थानीय निवासियों को सुरक्षा प्रदान करने एवं उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह टीकाकरण शिविर आयोजित किया जा रहा है।

## टनकपुर पावर स्टेशन

### माननीय रक्षा राज्य मंत्री का पावर स्टेशन दौरा

दिनांक 01 सितंबर 2022 को माननीय रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट जी का टनकपुर पावर स्टेशन के विशिष्ट अतिथि गृह, गंगा सदन में श्री मदन लाल महाप्रबंधक (ई एंड सी) द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। भेंट के दौरान मंत्री महोदय जी को पावर हाउस के विद्युत उतपादन के बारे में जानकारी कारायी गई। इस अवसर पर टनकपुर पावर स्टेशन के अधिकारीगण भी उपास्थित रहे। माननीय मंत्री महोदय ने टनकपुर पावर स्टेशन के कार्यों एवं उपलब्धियों की सराहना की। अंत में पावर स्टेशन की ओर से एक स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।



माननीय रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट को स्मृति चिन्ह भेंट करते श्री मदन लाल, महाप्रबंधक (ई एंड सी)।

## पार्बती-II परियोजना

### परियोजना द्वारा जिला कुल्लू में 'उज्वल भारत, उज्ज्वल भविष्य-Power@2047' समारोह में प्रदर्शिनी का आयोजन



प्रदर्शिनी में मुख्यअथिति श्री गोविंद सिंह ठाकुर, शिक्षा,संस्कृति व भाषा मंत्री का स्वागत करते ग्रुप महाप्रबंधक (विद्युत) श्री एन. के. भारद्वाज।

पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण–II ने दिनांक 25 जुलाई 2022 को एचपीएसईबी द्वारा अटल सदन,जिला कुल्लू में आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'उज्ज्वल भारत, उज्ज्वल भविष्य–Power/2047' महोत्सव में प्रदर्शनी स्टॉल लगया।

इस कार्यक्रम में प्रदेश के माननीय शिक्षा, संस्कृति व भाषा मंत्री श्री गोविंद सिंह ठाकुर मुख्यअथिति के रूप में शामिल हुए। माननीय मंत्री महोदय को श्री एन के भारद्वाज, ग्रुप महाप्रबंधक (विद्युत) ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस प्रदर्शनी में एनएचपीसी के संचालित पावर स्टेशन, निर्माणाधीन परियोजनाएं,नई व्यावसायिक पहल का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर श्री अंगद कुमार, उप महाप्रबंधक (सिविल), जन प्रतिनिधि व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## श्रम मंत्रालय के क्षेत्रीय श्रम आयुक्त का परियोजना दौरा

श्रम मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केन्द्रीय) चंडीगढ़ श्री अंकुर दलाल ने दिनांक 16 अगस्त 2022 को पार्बती–II परियोजना, नगवाईं का दौरा कर श्रम संहिता (कोड्स) व अन्य श्रम कानूनों के कार्यान्वयन के संबंध में समीक्षा की।

इस अवसर पर श्री निर्मल सिंह, ग्रुप महाप्रबंधक महोदय ने उनका स्वागत प्लांटर देकर किया साथ ही उन्हे कुल्लवी शाल व टोपी पहनाकर सम्मानित भी किया। श्री निर्मल सिंह, परियोजना प्रमुख ने महोदय को एनएचपीसी द्वारा किए गए कार्यों तथा परियोजना के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान परियोजना के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।



अंकुर दलाल, क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केन्द्रीय)चंडीगढ़ को परियोजना प्रमुख श्री निर्मल सिंह प्लांटर से स्वागत करते हुए।

## सेंज में बूस्टर डोज़ कैंप का आयोजन



परियोजना के कार्मिक बूस्टर डोज लेते हुए।

चमेरा पावर स्टेशन-I खैरी में 27.07.2022 को 18 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों के लिए कोविशील्ड की पहली व दूसरी खुराक एवं बूस्टर खुराक हेतु नि:शुल्क कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। टीकाकरण शिविर के दौरान एनएचपीसी के 163 कार्मिकों / पूर्व कार्मिकों / संविदा कर्मियों / सीआईएसएफ / केन्द्रीय विद्यालय / स्थानीय जन और उनके परिवार के सदस्यों ने वैक्सीन की दूसरी / बूस्टर खुराक प्राप्त की।

चमेरा पावर स्टेशन-I के परियोजना चिकित्सालय में यह टीकाकरण अभियान हिमाचल प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया।

## स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण (लाडा) को रु. 50 करोड़ का योगदान

श्रम मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केन्द्रीय) चंडीगढ़ श्री अंकुर दलाल ने दिनांक 16 अगस्त 2022 को पार्बती–II परियोजना, नगवाईं का दौरा कर श्रम संहिता (कोड्स) व अन्य श्रम कानूनों के कार्यान्वयन के संबंध में समीक्षा की।

इस अवसर पर श्री निर्मल सिंह, ग्रुप महाप्रबंधक महोदय ने उनका स्वागत प्लांटर देकर किया साथ ही उन्हे कुल्लवी शाल व टोपी पहनाकर सम्मानित भी किया।

श्री निर्मल सिंह, परियोजना प्रमुख ने महोदय को एनएचपीसी द्वारा किए गए कार्यों तथा परियोजना के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान परियोजना के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।



परियोजना प्रमुख श्री निर्मल सिंह स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री आशुतोष गर्ग को 50 करोड़ रुपये की राशि का चेक प्रदान करते हुए।

# क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत

## चमेरा पावर स्टेशन-I

### कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत का दौरा

कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत श्री आर. के. अग्रवाल ने दिनांक 09 व 10 जुलाई 2022 को चमेरा पावर स्टेशन–I का दौरा किया। उन्होंने दिनांक 09 जुलाई, 2022 को सर्वप्रथम पावर हाउस का दौरा कर संचालन एवं रख रखाव कार्यों का निरीक्षण किया। चमेरा पावर स्टेशन–I,II एवं III के समूह महाप्रबंधक (प्रभारी) श्री प्रवेश कुमार जैन ने कार्यपालक निदेशक महोदय को पावर स्टेशन के संचालन सहित विभिन्न मुद्दों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक महोदय ने पावर स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारियों संग बैठक कर पावर स्टेशन के विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा आवश्यक सुझाव दिए। इस दौरान क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत से समूह महाप्रबंधक (सिविल) श्री संदीप कुमार व सेवा–II पावर स्टेशन के समूह महाप्रबंधक (प्रभारी) श्री सुप्रकाश अधिकारी भी उपस्थित थे। तत्पश्चात, पावर स्टेशन के वीआईपी गेस्ट हाउस पहुँचने पर कार्यपालक निदेशक महोदय का चमेरा पावर स्टेशन–I के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उनका हार्दिक स्वागत किया गया।



पावर हाउस का निरीक्षण करते कार्यपालक निदेशक बनीखेत श्री आर. के. अग्रवाल।

### पावर स्टेशन द्वारा नि:शुल्क कोविड टीकाकरण अभियान



नि:शुल्क कोविड टीकाकरण शिविर में टीका लेते हुए स्थानीय लोग।

चमेरा पावर स्टेशन–I, खैरी में दिनांक 27 जुलाई, 2022 को 18 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों के लिए कोविशील्ड की पहली व दूसरी खुराक एवं बूस्टर खुराक हेतु नि:शुल्क कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। टीकाकरण शिविर के दौरान एनएचपीसी के 163 कार्मिकों / पूर्वकार्मिकों / सीआईएसएफ / केन्द्रीय विद्यालय / स्थानीय जन और उनके परिवार के सदस्यों ने वैक्सीन की दूसरी / बूस्टर खुराक प्राप्त की। पावर स्टेशन के परियोजना चिकित्सालय में यह टीकाकरण अभियान हिमाचल प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया।

### चमेरा पावर स्टेशन-I का बांध राष्ट्रीय ध्वज के रंगों में जगमगाया

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत 76 वें स्वतंत्रता दिवस को चिह्नित करते हुए चमेरा पावर स्टेशन–I का बांध राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से सजाया गया। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगे के तीन रंगों की रोशनी से चमेरा पावर स्टेशन–I का बांध रोशन हुआ।

इसके अलावा चमेरा पावर स्टेशन–I का पावर हाउस एवं प्रशासनिक भवन भी तिरंगे वाले लाइटों से सजाया गया।



चमेरा पावर स्टेशन–I का बांध राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से सजा हुआ।

# सेवा–II पावर स्टेशन

## विश्वकर्मा जयंती का आयोजन

श्री सुप्रकाश अधिकारी, समूह महाप्रबंधक, सेवा–II पावर स्टेशन माश्का के निर्देशन में दिनांक 17 सितंबर 2022 को सेवा–II पावर स्टेशन माश्का में भगवान विश्वकर्मा जयंती के शुभावसर पर पूजा, हवन एवं विशाल धाम (लंगर) आयोजित किया गया। सेवा–II पावर हाउस परिसर में श्रीमान व श्रीमाती जेएसपी केशरी, महाप्रबंधक (सिविल), ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों एवं परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर हवन एवं पूजा में भागीदारी की और उसके उपरांत सभी ने मिलकर चमेरा–I पावर स्टेशन द्वारा आयोजित धाम का आनंद लिया। सेवा–II के बांध परिसर बनी में भी सभी साथियों ने मिलकर बांध परिसर में हवन किया और सामूहिक भोज का आनंद लिया।



श्री सुप्रकाश अधिकारी, समूह महाप्रबंधक, सेवा–II पावर स्टेशन द्वारा पावर हाउस पर विश्वकर्मा पूजा।

# बैरा स्यूल पावर स्टेशन

## छिंज मेला का आयोजन



छिंज मेला में मुख्य अतिथि श्री प्रभु कुमार रावत, समूह महाप्रबंधक महोदय का स्वागत।

बैरा स्यूल पावर स्टेशन, सुरंनानी द्वारा हिमाचल प्रदेश की स्थानीय प्रथा के अनुसार पावर स्टेशन परिसर स्थित ग्राउंड में छिंज मेला का आयोजन दिनांक 05 सितम्बर 2022 से 07 सितम्बर 2022 तक किया गया।

छिंज मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री प्रभु कुमार रावत, समूह महाप्रबंधक महोदय के कर कमलों द्वारा स्थानीय परम्परा के अनुसाअर किया गया। छिंज मेला का आरम्भ लखदाता जातर की पूजा अर्चना एवं ध्वजारोहण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बताया कि किसी भी देश की संस्कृति सभ्यता एवं एतिहासिक पृष्ठ भूमि को वहां के सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मेला एवं पर्व आदि के द्वारा सहज रूप से जाना जा सकता है।

# क्षेत्रीय कार्यालय तीस्ता

## कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय तीस्ता का सिक्किम सरकार के मुख्य सचिव से शिष्टाचार मुलाक़ात

श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय सिक्किम एवं सीईओ लैंको तीस्ता हाइड्रो पावर लिमिटेड ने श्री वी.बी. पाठक, आईएएस सिक्किम सरकार के मुख्य सचिव बनने पर दिनांक 12 सितंबर 2022 को गंगटोक स्थित उनके कार्यालय में अभिनन्दन एवं बधाई देने और एनएचपीसी द्वारा सिक्किम में जलविद्युत परियोजनाओ के चल रहे कार्य और विकास की संभावनाओं पर बैठक की एवं विस्तार पूर्वक चर्चा की।



श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय तिस्ता
श्री वी.बी. पाठक, आईएएस, मुख्य सचिव, सिक्किम सरकार का स्वागत करते हुए।

# तीस्ता v पावर स्टेशन

## प्राथमिक विद्यालय, लुम गांव, उत्तरी सिक्किम को पंखा वितरण




पंखे वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थी।

दिनांक 24 अगस्त 2022 को पावर स्टेशन द्वारा प्राथमिक विद्यालय, लुम में पंखे वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएचपीसी के अधिकारी और अन्य कर्मचारी, तीस्ता लेडीज क्लब के सदस्य, पंचायत सदस्य, स्कूल प्रबंधन समिति, छात्र, स्थानीय लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर फुरनीत लेपचा, अध्यक्ष, लुम–गोर संगटोक जीपीयू और श्री मिंगमा शेरपा, हेड मास्टर, द्वारा श्री सी.आर. दास, समूह महाप्रबंधक और पावर स्टेशन के प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारियों और लेडीज क्लब एनएचपीसी का स्वागत किया गया ।

# तीस्ता लो डैम-III पावर स्टेशन

## आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 24 सितंबर 2022 को आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किया गया जिसमें तीस्ता लो डैम–III पावर स्टेशन के निर्माण से आसपास के क्षेत्र को लाभ/वकास की प्रस्तुति और लघु वीडियो क्लिप की मदद से प्रदर्शित किया गया है। कार्यक्रम में पावर स्टेशन के आसपास के क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने भाग लिया जिसमें स्कूलों, पीएचसी, स्थानीय ग्राम निकायों, एसएचजी सदस्यों आदि के प्रतिनिधि शामिल थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री ए.के. ग्रोवर, समूह महाप्रबंधक, टीएलडी-III और टीएलडी-IV, श्रीमती ग्रोवर मौजूद थे। श्री लखन हिंगले, महाप्रबंधक (सिविल), श्रीमती हिंगले, श्री लेंडुप लेपचा, महाप्रबंधक (विद्यूत), टीएलडी-IV पीएस, श्री शसाधर दास, महाप्रबंधक (विद्युत), टीएलडी-III पीएस एवं दोनों टीएलडी-III और टीएलडी-IV पावर स्टेशन के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।




श्री ए. के. ग्रोवर, समूह महाप्रबंधक, टीएलडी–III और टीएलडी–IV द्वारा जन जागरुकता कार्यक्रम में संबोधन।

# एन एच डी सी लिमिटेड

# ओंकारेश्वर पावर स्टेशन

## निदेशक (वित्त), एनएचपीसी व एनएचडीसी लिमिटेड का दो दिवसीय दौरा

ओंकारेश्वर पावर स्टेशन में दिनांक 30 जुलाई 2022 को श्री राजेंद्र प्रसाद गोयल निदेशक (वित्त), एनएचडीसी द्वारा दो दिवसीय दौरे के अंतर्गत परियोजना का निरीक्षण किया गया। श्री राजेंद्र प्रसाद गोयल, निदेशक (वित्त) एंव श्री विजय कुमार सिन्हा, प्रबंध निदेशक,एनएचडीसी के ओंकारेश्वर पावर स्टेशन आगमन पर सर्वप्रथम श्री प्रशस्त कुमार दीक्षित, परियोजना प्रमुख (महाप्रबंधक) एवं श्री वंसत हुरमाडे ,महाप्रबंधक (ओएंडएम) महाप्रबंधक (सिविल) श्री सुनील जैन, अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ व फुल माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर सी आई एस एफ के जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। श्री गोयल एवं द्वारा पावर हाउस एवं बांध स्थल का निरीक्षण किया गया। उन्होनें पावर स्टेशन में कार्यरत सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पावर स्टेशन में किये जा रहे सिविल व विद्युत कार्यों तथा निगमीय सामजिक दायित्व योजना के अंतर्गत किये गये कार्यो कर प्रगति की समीक्षा की एंव भविष्य में 88 मेगावाट की सोलर फलोटिंग पावर परियोजना के लिए एनएचडीसी को शुभकामनाएं प्रेषित की ।



श्री राजेंद्र प्रसाद गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचडीसी परियोजना का निरीक्षण करते हुए।

## विदाई

| नाम | पद | कार्यालय |
|---|---|---|
| **सर्व श्री / श्रीमती / सुश्री** | **जुलाई 2022** | |
| कृष्ण कुमार गोयल | कार्यपालक निदेशक (वित्त) | वित्त विभाग |
| राजबीर सिंह | समूह महा प्रबंधक (राजभाषा) | राजभाषा |
| सिया लाल साहू | महा प्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) | क्षेत्रीय कार्यालय, बनिखेत |
| के. कमलाकारा राव | वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) | एनएचडीसी–ओंकारेश्वर पावर स्टेशन |
| एलसी भक्त | वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | आर एंड डी |
| सुरमन शर्मा | वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | सीवीपीपीपीएल–क्वार एचईपी |
| आनंद सिंह रावत | प्रबंधक (ईडी) | डिजाइन (सिविल) |
| सुशील कुमार अल्मादी | प्रबंधक (ईडी) | इंजीनियरिंग जियोलॉजी |
| प्रिथी सिंह | प्रबंधक (सचिव) | चमेरा-I पावर स्टेशन |
| विपिन कुमार | सहायक प्रबंधक (प्रशासन) | निदेशक (तकनीकी) अनुभाग |
| मोहन सिंह | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | विधि विभाग |
| कमलेश कुमार जैन | पर्यवेक्षक (फार्मेसी) ग्रेड-I | चिकित्सा सेवाएं |
| राम उद्गार महतो | पर्यवेक्षक (वैज्ञानिक सहायक) ग्रेड-I | एल ओ, सिलीगुड़ी |
| बलदेव सिंह | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-II | सलाल पावर स्टेशन |
| जोगिंदर सिंह | पर्यवेक्षक (चालक) ग्रेड-II | सलाल पावर स्टेशन |
| राजीव मेहंदीरत्ता | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-I | टी एंड आरई विभाग |
| ए. बी. जोशी | पर्यवेक्षक (चालक) ग्रेड-I | धौलीगंगा पीएस |
| ओम प्रकाश सिंह | पर्यवेक्षक (ड्रिलर) ग्रेड-IA | पीआईडी–सिलीगुड़ी |
| शिव कुमारी देवी | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड-I | तीस्ता–v पावर स्टेशन |
| मोहम्मद जुबेर | पर्यवेक्षक (कार्य सहायक) ग्रेड-I | दुलहस्ती पावर स्टेशन |
| गोपाल सिंह | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड-I | धौलीगंगा पावर स्टेशन |
| मीना देवी | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड-I | रंगित पावर स्टेशन |
| सुभाष | सुपरवाइजर (यूटिलिटी ऑपरेटर) ग्रेड-III | टनकपुर पावर स्टेशन |
| प्रदीप सिंह | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-I | क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू |
| कमला देवी | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड-I | सलाल पावर स्टेशन |
| गोपाल कृष्ण | पर्यवेक्षक (क्लीनर) ग्रेड-III | सलाल पावर स्टेशन |
| कमलेश कुमार जैन | पर्यवेक्षक (फार्मेसी) ग्रेड-I | चिकित्सा सेवाए |
| **सर्व श्री / श्रीमती / सुश्री** | **अगस्त 2022** | |
| अभय कुमार सिंह | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक | सीएमडी अनुभाग |
| राजन कुमार | कार्यपालक निदेशक | क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू |
| मनीष सहाय | महा प्रबंधक (सिविल) | एल ओ लखनऊ |
| इंदरजीत सिंह | समूह वरिष्ठ प्रबंधक (यांत्रिक) | बैरास्यूल पावर स्टेशन |
| कृष्ण लाल | प्रबंधक (ईडी) | डिजाइन (सिविल) |
| ईश्वर सिंह | सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) | विधि विभाग |
| खीमा नंद | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड-I | सीएमडी अनुभाग |
| राकेश कुमार | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-I | बैरास्यूल पावर स्टेशन |
| अमर बहादुर | हेल्पर स्पेशल ग्रेड | सतर्कता विभाग |
| सेवा राम शन | सीनियर पर्यवेक्षक (स्टोर) ग्रेड-II | दुलहस्ती पावर स्टेशन |
| गोपाल दत्त | हेल्पर स्पेशल ग्रेड | सलाल पावर स्टेशन |
| हेम राज | पर्यवेक्षक (विद्युत) ग्रेड-II | सलाल पावर स्टेशन |
| राम राज | पर्यवेक्षक (कार्य सहायक) ग्रेड-I | क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू |
| हरि चंडी | बेलदार स्पेशल ग्रेड-I | सेवा-II पावर स्टेशन |
| कुंडू राम | पर्यवेक्षक (विद्युत) ग्रेड-III | चमेरा-I पावर स्टेशन |

# विदाई

| नाम | पद | कार्यालय |
|---|---|---|
| सर्व श्री / श्रीमती / सुश्री | अगस्त 2022 | |
| शंकर सिंह | बेलदार स्पेशल ग्रेड-I | सलाल पावर स्टेशन |
| पूरन सिंह | पर्यवेक्षक (चालक) ग्रेड-II | धौलीगंगा पावर स्टेशन |
| जाहिदा ए | हाउस कीपिंग हेल्पर स्पेशल ग्रेड | दुलहस्ती पावर स्टेशन |
| करनेल सिंह | बेलदार स्पेशल ग्रेड | सलाल पावर स्टेशन |
| महराजुद दीन | बेलदार स्पेशल ग्रेड | दुलहस्ती पावर स्टेशन |
| नरेंद्र चन्द | पर्यवेक्षक (वेल्डर) ग्रेड-II | टनकपुर पावर स्टेशन |
| सोम नाथः | हेल्पर एसपीएल जीआर-I | सलाल पावर स्टेशन |
| अवध नाथ राय | एस.आर. पर्यवेक्षक (स्टोर) ग्रेड-III | तीस्ता-V पावर स्टेशन |
| तिलक राज | बेलदारस्पेशल ग्रेड | पार्बती-II पावर स्टेशन |
| रवि शंकर | पर्यवेक्षक (कार्य सहायक) ग्रेड-I | सीवीपीपीपीएल–पाकलदुल एचईपी |
| शाम लाल | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-I | क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू |
| विजय पाल सिंह | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-I | टनकपुर पावर स्टेशन |
| मोहिंदर सिंह | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-I | चमेरा-II पावर स्टेशन |
| बिष्णु प्रसाद | पर्यवेक्षक (चालक) ग्रेड-II | तीस्ता-V पावर स्टेशन |
| सोम दत्त | पर्यवेक्षक (वेल्डर) जीआर-II | पार्बती-II एचईपी |
| विनोद कुमारी | पर्यवेक्षक (रिगर) ग्रेड-II | सलाल पीएस |
| बीरेंद्र प्रसाद सिंह | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | मानव संसाधन |
| तिलक राज सिंह | पर्यवेक्षक (एसबीटी) ग्रेड-II | टनकपुर पावर स्टेशन |

| नाम | पद | कार्यालय |
|---|---|---|
| सर्व श्री / श्रीमती / सुश्री | सितम्बर 2022 | |
| बिष्णु प्रसाद | पर्यवेक्षक (चालक) ग्रेड-II | तीस्ता-V पावर स्टेशन |
| निशि कांत महाजन | समूह वरिष्ठ प्रबंधक (सी) | क्षेत्रीय कार्यालय, बनिखेत |
| वीके सोनी | समूह वरिष्ठ प्रबंधक (सी) | चमेरा-III पावर स्टेशन |
| शैलेंद्र वैद्य | समूह वरिष्ठ प्रबंधक (यां) | पार्बती-II पावर स्टेशन |
| फारूक अहमद बेग | वरिष्ठ प्रबंधक (यां) | दुलहस्ती पावर स्टेशन |
| रमेश कुमार खुल्लर | प्रबंधक (वित्त) | सलाल पावर स्टेशन |
| सोम दत्त | पर्यवेक्षक (वेल्डर) जीआर-II | पार्बती-II एचईपी |
| विनोद कुमारी | पर्यवेक्षक (रिगर) ग्रेड-II | सलाल पीएस |
| बीरेंद्र प्रसाद सिंह | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | मानव संसाधन |
| सरसो राम | वरिष्ठ पर्यवेक्षक (आई.टी.) विशेष ग्रेड | बैरास्यूल पावर स्टेशन |
| तिलक राज सिंह | पर्यवेक्षक (एसबीटी) ग्रेड-II | टनकपुर पावर स्टेशन |
| निर्मल चंद दास | पर्यवेक्षक (यूटिलिटी ऑपरेटर) ग्रेड-II | पीआईडी–सिलीगुड़ी |
| अत्तम सिंह | समर्थन (चालक) जीआर-III | सलाल पावर स्टेशन |
| प्रदीप चंद | पर्यवेक्षक (विद्युत)ग्रेड-III | चमेरा-I पावर स्टेशन |
| अब्दुल माजिद भगवान | फिटर विशेष | उडी–I पावर स्टेशन |
| रिखी राज | हेल्पर विशेष ग्रेड | दुलहस्ती पावर स्टेशन |
| बद्री नारायण साह | बेलदार विशेष ग्रेड | मानव संसाधन |
| दर्शन कुमार | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-I | सलाल पावर स्टेशन |
| बचितर सिंह | बेलदार विशेष ग्रेड | किसानगंगा पावर स्टेशन |
| तोता राम | बेलदार विशेष ग्रेड | दुलहस्ती पावर स्टेशन |
| नजीर अहमद भगवान | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-I | उडी-II पावर स्टेशन |
| मोहम्मद अबास | बेलदार विशेष ग्रेड-I | सीवीपीपीपीएल–पकलदुल एचईपी |
| जतिन काकोटि | वेल्डर-III | सुबनसिरी लोअर एचईपी |
| करिशन लाल | बेलदार-II | सलाल पावर स्टेशन |
| अनीता शर्मा | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू |


https://www.nhpcindia.com join us :

एनएचपीसी NHPC

# हर घर तिरंगा




उड़ी-II पावर स्टेशन




निम्मो बाजगो पावर स्टेशन



चेनाब वैली परियोजना



दुलहस्ती पावर स्टेशन



सेवा-II पावर स्टेशन



तीस्ता-V पावर स्टेशन



चमेरा-II व चमेरा-III पावर स्टेशन




धौलीगंगा पावर स्टेशन




बैरा स्यूल पावर स्टेशन

एनएचपीसी
NHPC

# एन एच पी सी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

**कवर फोटो :**

श्री वाई. के. चौबे, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी श्री आर के सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री का अभिवादन करते हुए।

श्री वाई. के. चौबे, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी श्री आलोक कुमार, सचिव (विद्युत) का अभिनंदन करते हुए।

मुद्रक एवं प्रकाशक : कारपोरेट संचार विभाग, एनएचपीसी लिमिटेड, सेक्टर–33, फरीदाबाद, हरियाणा–121003

CIN : L40101HR1975GOI032564

*https://www.nhpcindia.com*   *join us :*